कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 03-11-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी में चला एक विशेष चेकिंग अभियान, 141 वाहन सीज, 5702 वाहनों का चालान करते हुए रू0 1,06,64,500/- का किया गया जुर्माना।

- **सीपी के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी में चला विशेष चेकिंग अभियान।**
- **141 वाहन सीज, 5702 वाहनों का चालान करते हुए रू0 1,06,64,500/- का किया गया जुर्माना।**

आज दिनांक 03.11.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत सम्पूर्ण कमिश्नरेट वाराणसी क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विशेषकर यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों यथा- तीन सवारी, बिना नं0 प्लेट के वाहनों आदि के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उक्त अभियान में कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, निरीक्षक/उपनिरीक्षक यातायात, चौकी प्रभारी एवं अन्य समस्त कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। कमिश्नरेट वाराणसी में चलाये गये इस विशेष चेकिंग अभियान में 141 वाहनों को सीज किया गया तथा 5702 वाहनों का चालान करते हुए रू0 1,06,64,500/- का जुर्माना किया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।